नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 जीवन में तपस्या जरूरी : राष्ट्रपति


6 बड़े पैमाने पर नौकरियां छीन रहा है एआई


7 जल्द आएगी पहली 'मेड-इन-इंडिया' चिप


8 संग्राम सिंह ने यूरोप में फिर गाढ़ा तिरंगा

# देश में दो हादसों में 34 की मौत

## तेलंगाना के रंगारेड्डी और राजस्थान के जयपुर में हुई दुर्घटनाएं

**नई दिल्ली, 03 नवंबर. देश में सोमवार को तेलंगाना और राजस्थान में दो बड़े दुखद हादसे हुए. तेलंगाना के रंगारेड्डी में बस और डंपर में टक्कर हो गई, जिससे करीब 20 लोगों की मौत हो गई. वहीं राजस्थान के जयपुर में डंपर ने 17 गाड़ियों को टक्कर मार दी. इस घटना में 14 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल बताए जा रहे हैं.**

तेलंगाना से एक बड़ी सड़क दुर्घटना की खबर सामने आई है. राज्य के रंगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसा हो गया. यहां एक बस और डंपर में टक्कर हुई, जिसमें 20 लोगों की जान गई है. वहीं, इस हादसे में कई लोग घायल हुए हैं.

जिले में बजरी ले जा रहे एक डंपर की रोजवेज बस से आमने-सामने टक्कर हो गई. मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है. बताया जा रहा है कि इस बस में अधिकांश बच्चे और ऑफिस जाने वाले लोग सवार थे, जिनमे से कई की मौत हुई है. जानकारी के अनुसार, इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया है. अधिकारियों ने बताया कि डंपर की टक्कर चेवेल्ला के पास तेलंगाना रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की गाड़ी से हुई, जिसके कारण बजरी बस पर गिर गई.



### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

तेलंगाना में हुए इस भीषण सड़क हादसे पर पीएम मोदी ने भी दुख व्यक्त किया है. उन्होंने दुखद सड़क हादसे के पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है. पीएम ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से हर मृतक के परिवार को 2 लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की है. एक आधिकारिक बयान के अनुसार, घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे.

### जयपुर में ड्राइवर ने डंपर पर नियंत्रण खोया

राजस्थान के जयपुर में भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां एक डंपर ने 17 गाड़ियों को टक्कर मार दी. इस घटना में 14 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल बताए जा रहे हैं. प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि डंपर ड्राइवर नशे में था. पुलिस ने बताया कि ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और ताबड़तोड़ 17 वाहनों को कुचल डाला. सड़क पर खड़ी कारें, बाइक, ऑटो—सब उसकी चपेट में आ गए. मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि डंपर इतनी रफ्तार में था कि ब्रेक लगने का नाम ही नहीं ले रहा था.

पुलिस के अनुसार, तीन घायलों को इलाज के लिए एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है. उनकी हालत गंभीर बनी हुई है. वीडियो में इस भीषण दुर्घटना के बाद का मंजर दिखाया गया है, जिसमें यातायात धीरे-धीरे सामान्य होता




दिख रहा है. तस्वीरों में क्षतिग्रस्त वाहन और क्षतिग्रस्त डंपर का मलबा सड़क किनारे पड़ा देखा जा सकता है, जबकि अधिकारी इलाके को साफ करने का काम कर रहे हैं. आसपास के लोग भी घटनास्थल पर जमा हो गए हैं.

**सीएम और पूर्व सीएम ने जताया दुख** : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस हादसे को बेहद दुखद और हृदय विदारक बताया. पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी हादसे पर गहरा दुख जताया.

### इंदौर और सतना भी झेल चुका है जयपुर जैसा दर्द

जयपुर में हुई इस दर्दनाक हादसे की तरह ही इंदौर में भी सवा माह पहले एक हादसा हो चुका है. एरोड्रम क्षेत्र में 15 सितम्बर की रात तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े लोगों को कुचल दिया था. हादसे में 50 वर्षीय प्रोफेसर लक्ष्मीकांत सोनी और 62 वर्षीय कैलाश जोशी सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दस से अधिक लोग घायल हुए. ड्राइवर गुलशेर घटना के समय नशे में धुत था. वहीं सतना के लोग 7 अगस्त 2013 की दोपहर को याद कर सिहर जाते हैं, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी. बेकाबू ट्रक ने लोगों की जान ले ली थी. ताज्जुब तो यह है रमजान के महीने में हुए इस हादसे के बाद आज भी इस घटना से प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया.



भारत ने पहली बार महिला क्रिकेट विश्व कप जीता!

# सर्विस राइफल से गोली चलने पर जवान की मौत

- जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में कैंप के अंदर की घटना

**जम्मू, 03 नवंबर. जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सोमवार को कैंप के अंदर सर्विस राइफल से गोली चलने से सेना के एक जवान की मौत हो गई।**

अधिकारियों ने बताया कि नायक अमरजीत सिंह संतरी की ड्यूटी पर थे। झुलास गांव स्थित कैंप में उनकी सर्विस राइफल से गलती से गोली चल गई और वे घायल हो गए। उन्हें सेना के फील्ड अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### एक नजर में

**जंगलों में दो आतंकवादी ठिकाने किए तबाह**

**जम्मू.** कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान के दौरान दो पुराने आतंकवादी ठिकानों का भंडाफोड़ किया है. सेना की 9 राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम ने यह अभियान चलाया. इन ठिकानों से गैस सिलेंडर, कपड़े और अन्य वस्तुएं बरामद की गई. बताया जा रहा है कि ये ठिकाने काफी समय से उपयोग में नहीं थे, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इन्हें हाल के महीनों में फिर से सक्रिय करने की कोशिश की जा रही थी.

# कुत्तों को खाना खिलाने के नियम होंगे जारी

**आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों के मामले में सुनवाई**

**मुख्य सचिवों की व्यक्तिगत पेशी की जरूरत नहीं होगी**

**नई दिल्ली, 03 नवंबर. देशभर में कैम्पस में आवारा कुत्तों को लेकर होने वाली परेशानी से जल्द ही लोगों को निजात मिल सकती है. सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमले के मामले पर सुनवाई हुई. यहां कहा गया कि वह सरकारी बिल्डिंग्स के कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम के लिए निर्देश जारी करेगा.**



मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि इससे जुड़ा आदेश एक-दो दिन में अपलोड कर दिया जाएगा. कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से भी राहत दे दी. जस्टिस नाथ ने कहा कि दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के अलावा सभी राज्यों ने अपने हलफनामे दाखिल कर दिए हैं.

### तीन हजार करोड़ के डिजिटल अरेस्ट के मामलों पर सुको सख्त

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि साइबर धोखाधड़ी खासकर-तथाकथित डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों में नागरिकों से लगभग 3,000 करोड़ रुपये की उगाही की गई है. डिजिटल गिरफ्तारी में पीड़ितों को मनगढ़ंत आपराधिक कार्रवाई की धमकी देकर पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया जाता है.

# कीटनाशक की जहरीली गैस से 4 साल के मासूम की मौत

- कीटनाशक के छिड़काव से बनी जहरीली गैस
- माता-पिता और बहन की हालत नाजुक

**ग्वालियर, 03 नवंबर. कीटनाशक के छिड़काव से बनी जहरीली गैस से चार साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई जबकि उसकी बहन और मां-पिता बेहोश हो गए, जिन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है. घटना सोमवार को गोला का मंदिर प्रीतम विहार कॉलोनी की है.**

बताया जा रहा है कि यहां एक मकान के पोर्च में भरे गेहूं को घुन से बचाने के लिए मकान मालिक ने सल्फास से बने कीटनाशक का छिड़काव कर दिया था. फिर घर के सारे दरवाजे बंद कर दिए थे. पोर्च के सामने दो कमरों में किराए से रहने वाला परिवार इस कीटनाशक से बनी जहरीली गैस का शिकार हो गया. सोमवार दोपहर के समय जब मकान मालिक नीचे आया तो काफी बदबू फैली हुई थी. उसने देखा कि उसके घर में किराए से रहने वाले परिवार में चार साल का मासूम, उसकी बहन, मां-पिता बेहोश पड़े थे, जिसके बाद उसने पड़ोसियों की मदद से सभी को हॉस्पिटल पहुंचाया. यहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि उसकी बहन, मां-पिता का इलाज चल रहा है. घटना के बाद फॉरेंसिक एक्सपर्ट अखिलेश भार्गव भी स्पॉट पर पहुंचे. इधर, पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर जांच शुरू कर दी है.







अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी
पाईए मन पसंद कलर
asianpaints
हर 10 लीटर, 20 लीटर
प्राइमर व्हाइट 20 लीटर के साथ
1 रोलर या ब्रेश बिलकुल फ्री
एशियन पुट्टी =610/-
मटेंहना टाईल्स बाजार
74368-74368

### गुस्ताखी माफ




# स्लीपर कोच में सेना के जवान की चाकू मारकर हत्या

**श्रीगंगानगर, 03 नवंबर. राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन से रविवार की रात जम्मूतवी एक्सप्रेस के बीकानेर के लिए रवाना होने के बाद एक स्लीपर कोच में सेना के जवान की चाकू मारकर हत्या कर दी गई.**

सूत्रों ने सोमवार को बताया कि यह वारदात रविवार देर रात करीब 11 बजे हुई थी. जवान का नाम जिगर कुमार (27) बताया जा रहा है, जो गुजरात का निवासी था. ट्रेन के एस-8 स्लीपर कोच में यात्रा के दौरान किसी बात को लेकर उसका कोच अटेंडेंट्स विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ गया कि कोच अटेंडेंट ने जवान पर चाकू से हमला कर दिया.

### घायल जवान तड़पता रहा, लोग देखते रहे

पुलिस ने ट्रेन के अन्य यात्रियों से भी बयान दर्ज करने शुरू कर दिए हैं, जिससे घटना की पूरी सच्चाई सामने आए. इस घटना का कोच के किसी यात्री ने वीडियो वायरल किया था, जिसमें जवान खून से लथपथ अकेला तड़पता दिखा, किसी ने उसकी मदद नहीं की.

# ईडी ने अनिल अंबानी पर की कार्रवाई

- घर और 3,000 करोड़ की संपत्ति की कुर्क
- धन शोधन मामले में की कार्रवाई

**नई दिल्ली, 03 नवंबर (वार्ता) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में रिलायंस अनिल अंबानी समूह की 40 से ज़्यादा संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है. इसमें इस उद्योगपति का मुंबई के पाली हिल इलाके में बना मशहूर आवास भी शामिल है तथा जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 3,000 करोड़ रुपये से अधिक है.**



ईडी ने सोमवार को यह जानकारी दी. इसमें कहा गया है कि इसके अलावा दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, पुणे, ठाणे, हैदराबाद, चेन्नई, कांचीपुरम और पूर्वी गोदावरी स्थित संपत्तियों को कुर्क किया गया है. जब्त की गई इन संपत्तियों में कार्यालय स्थल, आवासीय इकाइयां और जमीन का शामिल हैं. इनका कुल मूल्य लगभग 3,084 करोड़ रुपये आंका गया है. यह मामला समूह की दो कंपनियों रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) के आम लोगों से जुटाए धन की कथित हेराफेरी और शोधन से जुड़ा है. ईडी की जांच में पाया गया कि 2017 और 2019 के बीच, यस बैंक ने इन कंपनियों में लगभग 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया. ये निवेश बाद में गैर-निष्पादित हो गए, जिससे 3,300 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया रह गया.

# छतरपुर की क्रांति गौड़ को एमपी सरकार देगी 1 करोड़ रुपए

- छतरपुर की बेटी ने बढ़ाया प्रदेश का मान : सीएम
- खेलों में युवाओं को मिलेगा निरंतर प्रोत्साहन





**छतरपुर, 3 नवंबर. महिला वनडे विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम की खिलाड़ी क्रांति गौड़ को मध्य प्रदेश सरकार एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देगी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटियों ने भारत को गौरवान्वित किया है.**

छतरपुर की बेटी क्रांति गौड़ ने एमपी का मान बढ़ाया है. सीएम ने कहा कि राज्य सरकार भविष्य में भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाती रहेगी. इसी अवसर पर उन्होंने एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी, अरेरा कॉलोनी से ऊर्जा विभाग की समाधान योजना 2025-26 की भी शुरुआत की.

**इवेंट** | प्रधानमंत्री मोदी ने किया इमर्जिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन

# एक लाख करोड़ का आरडीआई फंड लॉन्च



**नई दिल्ली, 03 नवंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत मंडपम में इमर्जिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन कॉन्क्लेव (ईएसटीआईसी) 2025 का उद्घाटन किया। इस इवेंट के दौरान, उन्होंने एक लाख करोड़ रुपए के रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन (आरडीआई) फंड को लॉन्च किया है। इस स्कीम का उद्देश्य देश में वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करना है।**

कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज का कार्यक्रम विज्ञान पर केंद्रित है, लेकिन उससे पहले मैं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बारे में बात करना चाहता हूं। पूरे देश को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर गर्व है। मैं टीम को बधाई देता हूं और उन सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं, जिन्होंने भारत को गर्व महसूस कराया है।

भारत को हाल ही में अंतरिक्ष में मिली सफलता पर पीएम मोदी ने कहा, रविवार को इसरो ने इंडियन नेवी के जीसैट-7आर (सीएमएस-03) कम्युनिकेशन सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। मैं इसरो और इस मिशन में शामिल सभी वैज्ञानिकों को बधाई देता हूं। आज साइंस और टेक्नोलॉजी के लिए एक और अहम पड़ाव है। नए इनोवेशन पर चर्चा करने की जरूरत थी, और इस सोच के साथ ईएसटीआईसी कॉन्क्लेव की परिकल्पना की गई है।

### कल होगा समापन

ईएसटीआईसी 2025 कॉन्क्लेव 5 नवंबर तक जारी रहेगा। इसमें शिक्षा जगत, रिसर्च इंस्टीट्यूट, इंडस्ट्री और सरकार के साथ-साथ नोबेल पुरस्कार विजेता, साइंटिस्ट, इनोवेटर्स और नीति निर्माता शामिल होंगे।

# एमपी के मुकुंद ऑल इंडिया सीए टॉपर

**नई दिल्ली, 03 नवंबर. सीए फाइनल (सीए फाइनल टॉपर2025) की रिजल्ट घोषित हो गई है. इसमें मुकुंद अगीवाल ने एआईआर1 हासिल किया है. तेजस मुनदादा ने एआईआर-2 और बाकुल गुप्ता ने एआईआर-3 रैंक प्राप्त किया है.**

मुकुंद अगीवाल ने 600 में 500 अंकों के साथ 83.33 प्रतिशत स्कोर किया है. वहीं एआईआर 2 और एआईआर 3 रैंक हासिल करने वाले तेजस और मुनदादा ने 492/600 (82 प्रतिशत) और 489/600 (81.50 प्रतिशत) अंक प्राप्त किए हैं. इसके साथ ही सीए फाउंडेशन 2025 (सीए फाउंडेशन टॉपर 2025) में चेन्नई की एल राजलक्ष्मी ने बाजी मारी है. उन्होंने 400 में से 360 अंक (90 प्रतिशत) प्राप्त किए हैं. वह अखिल भारतीय रैंक ( एआईआर ) 1 है. सूरत के प्रेम अग्रवाल ने एआईआर 2 और मुंबई के नील राजेश शाह ने एआईआर 3 हासिल किया है. प्रेम को 354 अंक (88.50 प्रतिशत) और नील राजेश शाह को 353 अंक (88.25 प्रतिशत) प्राप्त हुए हैं. इसी तरह सीए इंटरमीडिएट में नेहा खानवानी, जयपुर ने ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त किया है. उन्होंने 600 में 505 अंक (84.17 प्रतिशत) प्राप्त किया है. जबकी अहमदाबाद के कृति शर्मा 503 (83.83 प्रतिशत) अंकों के साथ एआईआर की रैंक पर हैं.



### धामनोद के रहने वाले है मुकुंद

मुकुंद मप्र के धामनोद के रहने वाले है. इससे पहले उन्होंने सीए प्रवेश परीक्षा में एआईआर 24वीं रैंक हासिल की थी. उनके पिता पवन आगीवाल धामनोद में स्टेशनरी की दुकान चलाते हैं, जबकि माता ज्योति आगीवाल गृहिणी हैं. बेटे की इस सफलता को देखकर माता-पिता और दादा-दादी की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े. पूरे नगर में मुकुंद को बधाइयों का तांता लग गया.